## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 17.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी ही देर बाद हावड़ा और गुवाहाटी के बीच चलने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर रेलगाडी को करेंगे रवाना।

2. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज ने रांची में सेना के नए रक्षा संपदा उप–कार्यालय का कर रहे हैं उद्घाटन, रक्षा भूमि प्रबंधन और स्थानीय सैन्य संपदा से संबंधित प्रशासनिक कार्यों में आयेगी पारदर्शिता।

3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कल ज्यूरिख से दावोस के लिए होगा रवाना, ऊर्जा परिवर्तन मॉडल की प्रस्तुति को लेकर महत्वपूर्ण रणनीतिक चर्चाएं जारी।

4. लातेहार में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, हेरहंज जंगल में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया शक्तिशाली विस्फोटक को किया निष्क्रिय।

5. 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल की तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का दबदबा कायम, प्रिया माहाली स्वर्ण पदक जीतकर बनी ओवरऑल चैंपियन।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मालदा रेलवे स्टेशन पर हावड़ा, गुवाहाटी और कामाख्या के बीच चलने वाली भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी को रवाना करेंगे। श्री मोदी गुवाहाटी–हावड़ा वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी को भी वर्चुअल रूप से रवाना करेंगे। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह भारतीय रेल के लिए ऐतिहासिक कदम है।

*********************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रांची के रेडियम रोड चौक पर भारतीय सेना के नए रक्षा संपदा उप–कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कर रहे हैं। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल होने के लिए कल स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से दावोस के लिए रवाना होगा। यह दौरा 18 से 24 जनवरी तक चलेगा, जहां झारखंड का ऊर्जा परिवर्तन मॉडल पेश किया जाएगा। ऊर्जा परिवर्तन मॉडल की प्रस्तुति को लेकर राज्य स्तर पर भी महत्वपूर्ण रणनीतिक चर्चाएं जारी हैं। झारखंड चौंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री के दावोस यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि इससे आने वाले दिनों में झारखंड में व्यापार और उद्योग की संभावनाएं बढ़ेंगी।

*********************

आदिवासी संगठनों द्वारा आज बुलाए गए झारखंड बंद का रांची, खूंटी, सिमडेगा सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। यह बंद मुख्य रूप से खूंटी के पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में और न्याय की मांग को लेकर बुलाया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है।

*********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल–जैक द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट jac.jharkhand.gov.in पर जारी कर दिए गये हैं। एडमिट कार्ड केवल स्कूल और कॉलेजों के प्रधानाचार्य ही डाउनलोड कर सकेंगे। विद्यार्थियों को अपना एडमिट कार्ड अपने संबंधित स्कूलों से ही प्राप्त करना होगा। बोर्ड परीक्षाएं 3 फरवरी से 17 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

********************

लातेहार पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त अभियान चलाकर नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र स्थित सेरेनदाग जंगल से 5 किलो का सिलेंडर बम बरामद किया गया है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने यह कार्रवाई की। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के गश्ती दल को निशाना बनाने के लिए यह बम छिपाकर रखा था। बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया है। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा बलों के निरंतर बढ़ते दबाव के कारण जिले में नक्सली गतिविधियां काफी कम हुई हैं और वे अब कमजोर पड़ रहे हैं।

********************

हजारीबाग पुलिस ने दारू थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार के गुप्त तहखाने से 48 किलोग्राम से ज्यादा गांजा बरामद किया है। इस सिलसिले में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जो रांची का रहने वाला है। एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि मादक पदार्थ की यह खेप सिलीगुड़ी से रांची ले जायी जा रही थी।

********************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर फुटबॉल मैदान में आगामी 6 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला की तैयारियों के तहत ब्रोशर का विमोचन किया गया। उप नगर आयुक्त पारुल सिंह ने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। मेले में लघु उद्योग और हस्तशिल्प के साथ–साथ छऊ नृत्य और योग जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां मुख्य आकर्षण होंगी।

********************

जमशेदपुर के क्वीन्स कलेक्टर क्लब में सिक्कों की भव्य प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इसमें प्राचीन स्वर्ण सिक्कों से लेकर वर्ष 2026 तक की मुद्राओं को दर्शाया गया है। क्लब के महासचिव प्रेम पियूष कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में जमशेदजी टाटा और भगवान बिरसा मुंडा से जुड़े दुर्लभ सिक्कों सहित अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के जरिए भारतीय इतिहास और संस्कृति की झलक दिखाई गई है।

********************

राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख बत्तीस हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख चौरानबे हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राज्य के कई जिलों में अब भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड को देखते हुए रामगढ़ में जिला प्रशासन की ओर से कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि जिले में व्यापक स्तर पर अलाव जलाए जा रहे हैं और 25 हजार कंबल बांटे जा रहे हैं।

********************

मणिपुर में चल रही 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल की तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम रखा है। राज्य की प्रिया माहाली ने इस प्रतियोगिता में ओवरऑल चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। राज्य के अन्य तीरंदाजों ने भी विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते हैं।